तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का विकास खण्ड स्तर पर आंकलन शिविर

4



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में 2 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैंप

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक गुडलक किसान ट्रैक्टर जांजगीर द्वारा सेल्स एक्जिक्टिव 10, फाईनेंस मैनेजर 04 एवं कंप्यूटर ऑपरेटर 02, पदों पर एवं बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी सर्विस, रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं से स्नातक तक निर्धारित की गई है। चउक्त पदों के लिए वेतनमान 8000 से 18000 रुपए निर्धारित की गई है एवं महिला एवं पुरुष दोनों पात्र होगें। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

### 915 किलो महुआ लहान किया जब्त, 3 आरोपी पकड़े गए

**मालखरौदा।** आबकारी वृत्त मालखरौदा द्वारा चार प्रकरण के तहत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। अड़भार निवासी रतन लाल लहरे पिता लोकनाथ उम्र 55 वर्ष के कब्जे से 10 ली महुआ शराब जब्त किया गया। अण्डा निवासी रामभरोस वारे पिता कोदाराम उम्र 69 वर्ष के कब्जे से 5.65 ली महुआ शराब जब्त किया गया। फरार आरोपी मथुरा प्रसाद खूंटे पिता शिवदयाल उम्र 40 वर्ष निवासी जमगहन थाना मालखरौदा को न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया। उनके कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब व दो बाइक को जब्त किया गया। ग्राम बड़े सीपत में नहर पार किनारे 30 नग प्लास्टिक बोरियों में 465 कि ग्रा महुआ लाहन व 20 ली महुआ शराब बरामद होने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। ग्राम चारपारा के विभिन्न मैदान और तालाब में छुपाकर रखे 41 नग प्लास्टिक बोरियों में कुल 615 किलो महुआ लहान व 30 नग प्लास्टिक जरीकेन, 2 नग प्लास्टिक बॉटल में भरी कुल 154 लीटर महुआ शराब बरामद होने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध विवेचना में लिया।

### शत प्रतिशत गणना फॉर्म करने वाले बीएलओ 26 जनवरी को होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों से जहां के भाग संख्या पर 800 या उससे अधिक मतदाता है और उस भाग संख्या के बीएलओ द्वारा 28 नवम्बर तक शत प्रतिशत गणना फॉर्म वितरण एवं संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ को 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाएगा।

### जिला ही नहीं कई प्रांत पार करके बेरोक टोक चला रहे हैवी गाड़ियां

# बगैर लायसेंसधारी फोरमेन व ड्राइवर के हाथों भारी भरकम हार्वेस्टर की स्टेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में धान कटाई और मिंजाई को लेकर बड़ी संख्या में हार्वेस्टर मशीन का उपयोग हो रहा है। लोकल गाड़ियों के अलावा बड़ी तादाद में पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों की गाड़ियां पहुंची है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी भारी भरकम मशीन को चलाने वाले अधिकांश फोरमेन और ड्राइवर के पास लायसेंस नहीं है। हैरान करने वाली बात यह है कि बगैर लायसेंसधारी चालक ना केवल खेतों में हार्वेस्टर चला रहे है, बल्कि कई जिला और प्रांत पार करके बेरोक टोक गाड़ियों को लाने ले जाने का काम कर रहे है।

गौरतलब है कि धान कटाई का सीजन शुरू होते ही छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित जांजगीर चांपा जिले में बडी संख्या में पंजाब, हरियाणा के हार्वेस्टर पहुंच गए है। इसके अलावा लोकल गाड़ियां भी काम पर लगी हुई है, जिनके लगभग सभी स्टाफ पंजाब, हरियाणा से ही है। ऐसे में यदि यातायात नियमों को लेकर देखा जाए तो हार्वेस्टर जैसे भारी भरकम वाहन को चलाने के लिए नियमानुसार हैवी लायसेंस होना आवश्यक है, लेकिन खेत खलिहान ही नहीं बल्कि सड़कों पर धडल्ले से आवाजाही कर रहे हार्वेस्टर की स्टेयरिंग थामने वाले अधिकांश फोरमेन और ड्राइवर के पास हैवी तो दूर लाईट लायसेंस तक नहीं होता। जांजगीर चांपा जिले में ही 2 सैकड़ा से अधिक गाड़ियां दिगर प्रांतों से पहुंच चुकी है, जो दिन भर खेतों में धान कटाई का काम करने के बाद रात के समय सड़कों पर धडल्ले से दौड़ती रहती है। इनमें से कुछेक छोड़ दिया जाए तो अधिकांश लोगों के पास हैवी लायसेंस नही है, जबकि हैवी लायसेंस के बिना हार्वेस्टर को चलाने की अनुमति नहीं होती। उल्लेखनीय है कि धान कटाई के सीजन में जांजगीर चांपा जिला सहित पूरे प्रदेश में पंजाब, हरियाणा से बड़ी संख्या में गाड़ियां पहुंचती है, जो ना केवल जिला पार करके बल्कि कई राज्यों की सीमाओं को पार करके आते है। ऐसे में बार्डर पर बगैर लायसेंसधारी चालक, परिचालक इतनी भारी भरकम मशीन को कैसे पार करके ले आते है। वहां पर किस तरह की जांच होती है, यह सब सोचने वाली बात है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन दिगर प्रांतों से पहुंची गाड़ियों के अलावा लोकल गाड़ियों को चलाने वाले अधिकांश बाहरी फोरमेन और ड्राइवर बगैर लायसेंस के ही बेखौफ होकर काम कर रहे है।

#### शहर से गांव तक बाहरी लोगों का जमावड़ा, मुसाफिरी दर्ज नहीं

जिले में धान कटाई और मिंजाई को लेकर बढ़ते हार्वेस्टर के प्रयोग से बाहरी लोगों की आवाजाही भी बढ गई है। अमूमन हर गांव में दो-चार दिगर प्रांत की गाड़ियां पहुंची है, जिनके मालिक ही नहीं पूरा स्टाफ पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश सहित अन्य राज्यों के है। नियमानुसार ऐसे लोगो की मुसाफिरी संबंधित थाना क्षेत्रों में दर्ज होनी चाहिए, लेकिन इस पर भी किसी का ध्यान नहीं है। बताया जाता है कि दिगर प्रांत से आने वाले चालक अक्सर यहां के वाहन मालिकों और किसानों को झांसे में लेकर बड़ी रकम ठगी कर जाते है।

#### दिए है निर्देश

हार्वेस्टर चालकों के पास हैवी लायसेंस होना चाहिए। जिले में इन दिनों बड़ी संख्या में हार्वेस्टर चल रहे है। इनके चालकों के लायसेंस जांच करने के निर्देश दिए गए है। मुसाफिरी लिखवाने भी कहा जा रहा है।

**-उदयन बेहार,**
एडीशनल एसपी यातायात, जांजगीर चांपा

# जिला अस्पताल में अब छोटे बच्चों का बनाया जा रहा आधार कार्ड

### लोगो की परेशानी को देखते हुए लिया प्रशासनिक स्तर पर निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में अब 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो का आधार कार्ड बनना प्रारंभ हो गया है। लोगो सहित मरीजो के परिजनो की परेशानी को देखते हुए इस तरह का निर्णय लिया गया है। यहां करीब 3सौ से अधिक बच्चो के आधार कार्ड बनाए जा चुके है। इस तरह की ब्यवस्था करीब महीने भर पहले बनाई गई है।

गौरतलब है कि जांजगीर जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल मे 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो का आधार कार्ड बनाना प्रारंभ कर दिया गया है। महीने भर के भीतर करीब 3सौ से अधिक बच्चो के आधार कार्ड बनाए जा चुके है। ऐसे में मरीज एवं उनके परिजनो को छोटे बच्चो का आधार कार्ड बनवाने में सुविधा हो रही है। लोगो की परेशानी को देखते हुए इस तरह की ब्यवस्था बनाई गई है। आधार केन्द्र में बच्चो के जन्म तिथी, फिंगर प्रिंट,परिजनो का मोबाइल नंबर सहीत अन्य जानकारी अपडेट हो जाएगी। ताकि परिजनो को आधार अपडेट कराने में किसी तरह की परेशानी ना हो। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन सैकडो की तादाद में लोग अपना उपचार कराने के लिए पहुंचते है। इस बीच कई गर्भवती महिलाओ का प्रसव होने के बाद बच्चो का आधार कार्ड बनवाने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में अब इस तरह की सुविधा मिलने के बाद छोटे बच्चो का आधार कार्ड जिला अस्पताल मे ही बन जा रहा है। छोटे बच्चो का आधार कार्ड बनवाने को लेकर अब उन्हे विभिन्न च्वाईस सेंटरो का चक्कर नही लगाना पड रहा है। वही आधार सेंटर में कार्ड नि शुल्क बनाए जा रहे है। ताकि लोगो को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। महीने भर के भीतर 3 सौ से अधिक बच्चो के आधार कार्ड बनाए जा चुके है।

#### 5 साल में आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी

*नियमो के तहत 5 साल के भीतर लोगो का आधार कार्ड अपडेट होना जरूरी है। ताकि अंगुठे का फिंगर प्रिंट,मोबाइल नंबर, जन्म तिथी सहित अन्य ज़रूरी जानकारी अपडेट किया जा सके। उम्र बढने के साथ साथ शरीर मे कई तरह के परिवर्तन होते रहते है। जिसे देखते हुए 5 साल के भीतर आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी रहता है। इसके अलावा आधार कार्ड अपडेट कराने को लेकर आने वाले दिनों में सरकारी एवं निजी स्कूलों में भी शिविर लगाकर पढने वाले बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराए जाएंगे। इस तरह की व्यवस्था कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक कि छात्र छात्राओं के लिए बनाई जा रही है, ताकि बच्चों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। हर पांच साल के भीतर आधार अपडेट कराना जरूरी होता है नहीं कराने की स्थिति परेशानी होती है।*

#### बनाई गई व्यवस्था

जिला अस्पताल में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो का आधार कार्ड बनाना प्रारंभ हो गया है। ताकि परिसर में ही इस तरह की सुविधा बच्चो को मिल सके। वही 5 साल के भीतर आधार अपडेट कराना भी जरूरी रहता है।

**-सुनील साहू,**
प्रबंधक चिप्स, जांजगीर चाम्पा

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट



सडक निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहर्सी

ग्राम पंचायत देवरी से ससहा तक की सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। इस बीच 10 दिसंबर तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराए जाने पर चक्काजाम की चेतावनी दी गई है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत देवरी से ग्राम पंचायत ससहा तक का सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर स्थिति में है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में ग्रामीणों ने इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया। सड़क की स्थिति खराब होने के कारण पामगढ़ ब्लाक के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही सडक की स्थिति खराब होने के कारण मार्ग पर दिन भर धूल उडते रहता है। पूर्व में भी ग्रामीणों के द्वारा सड़क की स्थिति को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके समस्या बनी हुई है। ऐसे में10 दिसंबर से सडक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराए जाने की स्थिति में देवरी मेनरोड बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम करने की चेतावनी भी ग्रामीणों द्वारा दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में विजय सिंह गोंड निलेश जांगड़े जसवंत साहू महेंद्र टंडन करन खूंटे दिलेश्वर केवट भूपेंद्र यादव राहुल केवट चंद्रप्रकाश केवट शिव भगत सागर पटेलकरन सूर्यवंशी, अजय सूर्यवंशी, लालू साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राजा पर लगे अपराध को निराधार मानते हुए हाईकोर्ट ने किया दोषमुक्त

**सक्ती।** सक्ती राजा पर लगे 376 के आरोप को निराधार मानते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त किया है। राजा धर्मेंद्र सिंह जो कि पूर्व मंत्री स्व.राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह जी के दत्तक पुत्र हैं जिनके विरुद्ध सक्ती पुलिस ने 9 जनवरी 2022 में आवेदिका की झूठी शिकायत पर सक्ती पुलिस द्वारा अपराध पंजीकृत किया गया था। जिसमें सक्ती न्यायालय द्वारा उन्हें 7 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके कारण उन्हें कुछ दिनों के लिए जेल जाना पड़ा था। सक्ती न्यायालय के आदेश से क्षुब्द होकर राजा धर्मेंद्र सिंह उच्च न्यायालय की शरण में गए। माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बिंदु एवं तथ्यों को सुनने के पश्चात निष्कर्ष निकाला। जिसमें राजा धर्मेंद्र सिंह को निर्दोष मानते हुए आरोप से दोषमुक्त किया। साथ ही आवेदिका द्वारा सजा को बढ़ाने की अपील को भी खारिज कर दिया। पुलिस के द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर न्यायालय सक्ती ने आरोपी मानकर 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। सक्ती न्यायालय के आदेश को निराधार मानते हुए हाईकोर्ट ने खारिज किया तथा निर्दोष साबित किया तथा आरोपो से बरी किया गया।

### एसआईआर के कार्यों में लगी है दूसरे शिक्षक की ड्यूटी

# एक शिक्षक के भरोसे 90 छात्र छात्राओं की पढ़ाई लिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोघरी




संकुल केंद्र घोघरी के निकटतम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवापारा में इन दिनों 90 छात्र छात्राओं की पढ़ाई लिखाई एक शिक्षक के भरोसे चल रही है। शिक्षा विभाग द्वारा दूसरे शिक्षक की ड्यूटी एसआईआर के कार्यो में लगा दी गई है।

ज्ञात हो कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवापारा में इन दिनों 90 छात्र -छात्राएं की दर्ज संख्या होते हुए भी मात्र दो शिक्षक पदस्थ है और उनमें से एक शिक्षक का ड्यूटी इन दिनों निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण कार्य एस ई आर कार्य में लगा हुआ है साथ ही इस विद्यालय का भवन की हालत जर्जर की स्थिति में भी है वहीं शिक्षक की कमी के वजह से प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक विद्यालय दो पाली में लगाया जा रहा है और इन्हीं शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है इस प्रकार यहां के विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं की शिक्षा दीक्षा भगवान के भरोसे उच्च अधिकारियों द्वारा छोड़ दिया गया है एक और जहां शिक्षा विभाग द्वारा दर्ज संख्या 20 के अनुसार एक शिक्षक पदस्थ किया जाना है किंतु यहां 90 छात्र छात्राएं अध्यनरत रहते हुए भी मात्र दो शिक्षक का पदस्थापना किया जाना समस्या परे है ताजुब की बात है कि विकासखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी में स्थित विद्यालय का हालात इस प्रकार हो गया है तो दूर दराज में स्थित विद्यालय की व्यवस्था किस प्रकार से होगा। वही संबंध में यहां के सरपंच लक्ष्मी प्रसाद भारद्वाज ने बताया कि अनेकों बार भवन तथा शिक्षक की व्यवस्था हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है किंतु उनके द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

इस संबंध में सक्ती डीईओ श्रीमती कुमुदनी बाद्य द्विवेदी का कहना है कि मीडिल स्कूल नवापारा में शिक्षकों की कमी को लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविदं ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

## खोखो में शासकीय हाई स्कूल रायपुरा की बालिकाओं ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**बेल्हाडीह-जेठा।** विकास खण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव खोखो बालिका वर्ग में शासकीय हाई स्कूल रायपुरा की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त की। ग्राम पंचायत रायपुरा के सरपंच हरप्रसाद साहू शाला परिसर में पहुंच कर बालिकाओं को खोखो खेल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति मेरा विशेष लगाव है, मैं शाला को, बच्चों को हर प्रकार के खेल को सुगम, रुचिकर बढाने के लिए तन, मन, धन सहयोग करुंगा। शाला प्राचार्य एवं सभी कर्मचारियों ने भी खोखो में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।

## भदरा में कांटा-बाट का विधिवत पूजा अर्चना कर धान का हुआ शुभारंभ



**पामगढ़।** संविधान दिवस के अवसर पर भदरा धान खरीदी केंद्र का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर धान बेचने आये किसानो को माला पहना कर एवं कांटा बाट का विधिवत पूजा अर्चना कर धान का वजन किया गया। कार्यक्रम में अम्बेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी , गुलाब सिंह चंदेल, संतोष लहरे,व्यास वर्मा, धनंजय सिंह, यशवंत साहू, गुरुदयाल पाटले, मनोहर शास्त्री, जवाहर जाहिरे, शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, समिति के अध्यक्ष नारायण पाटले, कर्मचारी कयूम खान, रवी वर्मा एवं किसान उपस्थित थे।

## नगर पंचायत राहौद में मनाया गया संविधान दिवस




**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में बुधवार को संविधान दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सभापति अमित अनंत, सुनील गुप्ता, सीएमओ भगवती ध्रुव उप अभियंता क्ष ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## नागपुर में आयोजित विज्ञान मेला में व्याख्याता शेख सम्मानित




**चांपा।** नागपुर में आयोजित विज्ञान मेला में मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने व्याख्याता श्रीमती रज़िया अंजुम शेख को प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से चयनित 50 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रतिनिधि दल शामिल होकर सक्रिय सहभागिता से जिले का नाम उज्ज्वल किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरदा में पदस्थ श्रीमती रज़िया अंजुम शेख ने जिले का श्रेष्ठ प्रतिनिधित्व किया। एनईएसटी के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के मार्गदर्शन में विभिन्न जिलों से आए विज्ञान संचारकों के लिए नागपुर मेट्रो में साइंस स्पार्क विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर विज्ञान जगत से जुड़े इसरो एक्टिविस्ट रश्मि वर्मा एवं श्री वर्मा से विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, अनुसंधान, नवाचार और तकनीक से जुड़े विषयों पर सारगर्भित विचार-विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षण कार्य तथा नवाचारपूर्ण योगदान की सराहना की।

### निधन

## किरण श्रीवास

**जाजंगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत किरीत के प्रतिष्ठित नागरिक किरण कुमार श्रीवास का निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गायत्री परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



लायंस क्लब चांपा ने मनाया 60वां स्थापना दिवस, सम्पन्न हुई प्रांतपाल की अधिकारिक यात्रा

# डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठतम क्लब चांपा के सेवा कार्य सराहनीय : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

अंतराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा बुधवार 26 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से नगर के मुख्य मार्ग में स्थित होटल सुमीत-इन में अपना 60वां स्थापना दिवस परम्परानुसार मनाया गया। इस मौके पर लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पी. एम. जे. विजय अग्रवाल की अधिकारिक यात्रा भी संपन्न हुई। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पी. एम. जे. विजय अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव लायन बी. के. सिंह एवं डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट कोषाध्यक्ष लायन कैलाश अग्रवाल थे। समारोह की अध्यक्षता लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब चांपा लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233-सी का वरिष्ठतम क्लब है जो आज अपनी स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस क्लब ने अपने सेवा कार्यों से विषिष्ट पहचान डिस्ट्रिक्ट से लेकर मल्टीपल और इंटरनेशनल तक बनायी है। लायन अग्रवाल ने कहा कि क्लब के सभी सदस्य अनुभवी तथा प्रतिभावान है जिनके कारण क्लब की इंटरनेशनल व डिस्ट्रिक्ट फीस सहित सेवा गतिविधियों की जानकारी समय पर प्राप्त हो जाती है। उन्होंने संस्था को मजबूत बनाने के लिए इसमें युवा शक्ति को जोड़ने तथा 1.5 अभियान को सफल बनाने के लिए सदस्यता विस्तार पर कार्य करने की जरूरत पर बल देते हुए क्लब के सभी सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट पिन भेंट की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का इसके पूर्व पारंपरिक जीवन परिचय क्लब के सर्विस चेयर पर्सन लायन विनोद अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत जीवन परिचय की खुलकर सराहना डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने की। समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल लायन डॉ. व्ही. के अग्रवाल ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि क्लब जहां अपना 60वां स्थापना दिवस मना रहा है तो वहीं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अपनी पहली अधिकारिक यात्रा पूर्ण कर रहे है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब चांपा के सभी सदस्य आपस में दिल से जुड़े है और इसमें नवीन सदस्य को तभी शामिल किया जाता है जब अन्य किसी सदस्य को उन्हें सदस्यता प्रदान करने में कोई आपत्ति न हो। उपस्थितों को इसके अलावा विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव लायन बी. के. सिंह तथा डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट कोषाध्यक्ष लायन कैलाश अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए लायंस क्लब चांपा के 60वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं प्रदान करते हुए क्लब के प्रशासनिक तथा सेवा कार्यों की सराहना की। लायंस क्लब चांपा की ओर से सभी मंचस्थ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जोंस तथा विद्या की देवी माता सरस्वती के छायाचित्र व तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके पश्चात सभी अतिथियों को मंचासीन करने के बाद परंपरानुसार उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल द्वारा ध्वज वंदना करने के पश्चात विश्व शांति के लिए आधे मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात अपने सचिवीय प्रतिवेदन में लायन राजेश अग्रवाल ने इस वर्ष अब तक किये गये सेवा कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने अपने स्वागत भाषण में सभागार में मौजूद अतिथियों सहित उपस्थित लायन साथियों का स्वागत किया। अंत में राष्ट्रगान, सभा समाप्ति की घोषणा तथा रात्रि सहभोज के साथ ही समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह का संचालन लायन बजरंग लाल अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन लायन डॉ. संतोष अग्रवाल ने किया। समारोह में लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन एम. के. पारिक, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन शैलेश बाजोरिया, लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन किशन शर्मा, लायन रमेश देवांगन, लायन नेहरू देवांगन, लायन वासुदेव देवांगन, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन श्रीमती संगीता अग्रवाल, लायन मोहन गुलाबानी तथा लायन उत्तमप्रकाश देवांगन मौजूद थे।



समारोह में मंचस्थ अतिथिगण




## गायत्री परिवार से हमें प्राप्त होते हैं विभिन्न संस्कार : खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हसौद के जवारा रोपाई कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहब शामिल हुए।

■ 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के जावरा रोपाई कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहब का प्रभारी जिले में प्रवास के दौरान हसौद में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के भूमि पूजन उपरांत जावरा रोपाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें प्रभारी मंत्री का आगमन हुआ। गुरु खुशवंत सिंह साहब का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात पूरे विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया एवं जावरा के बीज रोपाई की की शुरुआत की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की गायत्री परिवार के कार्यक्रम में मैं हमेशा शामिल होता रहता हूं एवं गायत्री परिवार ही एक ऐसा परिवार है जहां हमें विभिन्न संस्कार गायत्री परिवार द्वारा प्राप्त होता है। 251 कुण्डिय गायत्री महायज्ञ में अपनी उपस्थिति के बारे में उन्होंने कहा 9 से 12 दिसंबर के बीच मैं निश्चित रूप से यज्ञ में शामिल होउंगा। इस कार्यक्रम मे मैं आयोजक मंडल में शामिल हूं ऐसा समझिए एवं मेरा पूरा सहयोग कार्यक्रम को प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम की संयोजक निर्मल सिन्हा एवं कैलाश साहू कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संचालन समिति के सदस्य एवं गायत्री परिवार के सदस्य के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ कैलाश साहू द्वारा किया गया।

## पीएससी में शिवांगी को मिली 117 वीं रैंक, आबकारी निरीक्षक के पद पर चयन



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा में गणेश तिवारी और किरण तिवारी की पुत्री शिवांगी तिवारी ने 117 वां रैंक प्राप्त किया है। उनका चयन आबकारी निरीक्षक के पद पर हुआ है।

शिवांगी तिवारी प्रारंभ से ही मेधावी रही है। उनके पिता गणेश तिवारी मूलत नवागढ़ ब्लाक के मुड़पार अमोरा के रहने वाले हैं और रिटायर्ड फौजी हैं। वर्तमान में वे रायगढ़ के वार्ड नंबर 14 राम मंदिर गली में रहते हैं। शिवांगी ने बताया कि उसे यह सफलता तीसरी बार में मिली है। उसकी इच्छा यूपीएससी पास करके आईएएस बनने की है। पहले वह बिलासपुर में रहकर कोचिंग के माध्यम से तैयारी कर रही थी। इसके बाद वह अपने घर आ गई और घर में ही सात से आठ घंटे पढ़कर तैयारी कर रही थी। उसकी इस उपलबधि पर परिवार के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## किसान स्कूल बहेराडीह में लगेगी भाजियों की जीवंत प्रदर्शनी

**बहेराडीह।** छत्तीसगढ़ में भाजियो का अपनी एक अलग ही पहचान है। प्रदेश में पाई जाने वाली भाजियो की संरक्षण तथा अनुसन्धान को लेकर सालों से काम कर रहे वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव और उनके टीम द्वारा 10 दिसंबर को किसान स्कूल परिसर में राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर एक ओर जहां किसान स्कूल में भव्य तैयारियां हो रहीं है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के किसानों और महिलाओ में उत्साह का माहौल है। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि बहेराडीह में स्थित किसान स्कूल देश का पहला एकमात्र किसान स्कूल किसानों के सहयोग से संचालित हो रहीं है, जहां 10 दिसंबर को राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की 36 भाजियो को लेकर वर्ष 2012 से अनुसन्धान कर किसान स्कूल के संचालक युवा कृषक दीनदयाल यादव ने बताया कि महोत्सव का यह दूसरा वर्ष है। प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को भाजी महोत्सव मनायें जाने का निर्णय लिया गया है। चूंकि सालभर में दिसम्बर का महीना भाजियो का होता है। शीत ऋतु होने के वज़ह से बहुत प्रकार की ऐसी भाजियां है। जिनके लिए यह ऋतु या मौसम बहुत ही अनुकूल होती है। उन्होंने बताया कि नवम्बर और दिसंबर के महीने में कई ऐसी भाजियां है, जो स्वतः जमीन की नमी में उग जाती है। इधर महोत्सव में शामिल होने महिलाएं टुकनी या गमले में भाजियां तैयार कर रही है। हाईड्रोपोनिक्स सिस्टम से तैयार भाजियां आकर्षण का केंद्र होगा।




## संविधान दिवस पर अधिवक्ता संघ ने उद्देशिका का किया वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

संविधान दिवस के अवसर पर अधिवक्ता संघ पामगढ़ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम तहसील परिसर से रैली निकालकर अधिवक्ताओं का समूह नगर भ्रमण करते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पहुंचा जहां पर सभी अधिवक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात संविधान की उद्देशिका का वाचन अधिवक्ता दिनेश थवाईत द्वारा किया गया, जिसको सभी अधिवक्ताओं ने दोहरा कर संविधान को अंगीकार करने का शपथ लिया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्याम लाल सांडे,सचिव रोहिणी कश्यप के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता गण मणिशंकर गौरहा, संतोष यादव, दिनेश थवाईत,नोटरी मनोज खरे, बृजेश सिंह,कांति दिव्य,नर्मदा प्रसाद बंजारे, भारत भूषण बंजारे कौशल कश्यप, सतीश सूर्या, मनराखन लाल पंकज,साखी राम कश्यप, दीपक भारद्वाज, केशव दिव्य, द्वारिका दुबे,रूपचंद जांगडे, अमित कुमार,ललित बर्मन,भागवत कश्यप, रथराम जोगी,नितिन सिंह, जागेश रत्नाकर, नरेंद्र जोशी, किरण कांत, मंजू खूंटे, राधिका जांगडे, सुमन रत्नाकर सहित अधिवक्ता संघ के सदस्य उपस्थित थे ।

■ तहसील परिसर से अंबेडकर चौक तक निकाली रैली

## मितानिनों को श्रीफल व साड़ी भेंटकर किया गया सम्मानित

**डोंगाकोहरौद।** पामगढ़ विकासखंड में ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद के पंच ,सरपंच जनपद सदस्य द्वारा 23 नवंबर को मितानिन दिवस के अवसर पर सभी मितानिनों को सम्मानित किया गया। मितानिन दिवस पर एमटी प्रगति कांत अपने व्यक्व्य में कहा कि मितानिन गांव के स्वास्थ्य से लेकर जच्चा-बच्चा तक की जिम्मेदारी निभाती है। ग्रामीण क्षेत्र में मितानिनों का कार्य स्वास्थ्य उनके बच्चों को सही मार्गदर्शन (कमेंट लाइन) से लेकर, गर्भवती महिलाओं का प्रदर्शन करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का कार्य दायित्व लिया गया है। वैसे मितानिन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में 23 नवंबर 2003 को शुरू हुआ। मितानिनों ने पूरे 10 निःशुल्क जन सेवा इन सेवा भाव को देखकर छत्तीसगढ़ शासन ने 23 नवंबर 2011 को मितानिन वर्ष की स्थापना का निर्णय लिया। 23 नवंबर से पूरे माह मितानिन दिवस मनाकर। मितानिनों में नए उत्साह से काम करें। मितानिनों को धीरे-धीरे भी सम्मान दे कम है क्योंकि 24 घंटे अपनी निस्वार्थ सेवा साइटों पर मितानिनों को वेतन, आधार नहीं मिलता है। ना ही कोई नौकरी जन सेवा के रूप में काम करती है, केवल कुछ विशेष कार्य का ही उद्देश्य होता है, जो बहुत कम है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच सरपंच आशा भास्कर, जनपद सदस्य कमला कौशिक , उपसरपंच रथराम पटेल, त्रिवेणी साहू, संतोषी कश्यप , शुक्रवारा चौहान मितानिनों में संतोषी साहू, प्रमिला श्रीवास केवरा कश्यप, सरोजनी भास्कर, जमोत्री कश्यप, मंगली धीवर पूनम चौहान, गौरी बाई चौहान, निर्मला खरे, द्वास बाई कश्यप, सविता कश्यप, एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## नवागढ़ तहसील साहू संघ के अध्यक्ष बने शिव कुमार, 8 वोटों से मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

नवागढ़ तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पद के लिए हुए बहुप्रतीक्षित चुनाव में शिव कुमार साहू तुस्मा वाले ने विजय प्राप्त करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्ज़ा जमाया। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी जेपी साहू किरित वाले को 8 वोटों से पराजित किया।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही समाज के लोगों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष शिव कुमार साहू का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस चुनाव में कुल 42 ग्राम पंचायत आते है, जिसमें मतदाताओं की कुल संख्या 323 है। इनमें से कुल 288 मतदाता उपस्थित रहे जबकि 35 मतदाता अनुपस्थि रहे। जिसमें से शिव कुमार साहू को 143 वोट प्राप्त हुए तो वही जेपी साहू को 135 वोट मिले और 10 वोट रिजेक्ट हुए। मतगणना के दौरान दोनों उम्मीदवारों के समर्थकों में उत्सुकता और रोमांच चरम पर था,लेकिन अंतिम परिणाम ने शिव कुमार साहू को विजयी बनाकर समाज में एक नए नेतृत्व की शुरुआत का संकेत दिया। विजय उपरांत आयोजित अभिनंदन समारोह में समाज के वरिष्ठों, युवाओं और महिलाओं ने उपस्थित होकर नव-निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने आशा जताई कि शिव कुमार साहू अपने नेतृत्व में साहू समाज को नई दिशा देंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। अपने उद्बोधन में शिव कुमार साहू ने कहा कि साहू समाज हमेशा से सेवा परोपकार और एकता की भावना से आगे बढ़ता आया है और यही धरोहर आगे भी कायम रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज तभी प्रगति करेगा जब उसके सभी सदस्य आपसी सहयोग और प्रेम की भावना से एक-दूसरे का साथ देंगे। उन्होंने युवाओं को संगठन से जुड़ने, समाज के लिए समय निकालने और नई पीढ़ी को सही दिशा व मार्गदर्शन देने का आह्वान किया। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने भी शिव कुमार साहू के नेतृत्व की सराहना करते हुए समाज को संगठित रखने,परंपराओं को संजोने और आधुनिकता के साथ कदम मिलाकर चलने की जरूरत पर जोर दिया। चुनाव के सफल आयोजन के लिए समिति ने सभी सदस्यों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

■ 42 ग्राम पंचायत के 288 मतदाता रहे उपस्थित


नवनिर्वाचित अध्यक्ष के साथ उपस्थित समाज के लोग।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।


डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट


डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच


डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट


डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# धुरंधर में दिखा पाकिस्तानी टाउन ल्यारी का गैंग वॉर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' का आठ नवंबर को ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें पाकिस्तान के मशहूर टाउन ल्यारी के गैंग वॉर की झलक दिखी। यह गैंग वॉर 2009 से लेकर एक दशक तक चला था। अब, ल्यारी के लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि रणवीर सिंह की फिल्म में उनके शहर को कैसे दिखाया गया है। 'धुरंधर' के ट्रेलर में रणवीर सिंह को जासूस, अक्षय खन्ना को रहमान डकैत और संजय दत्त को चौधरी असलम के रूप में दिखाया गया है। ये सभी किरदार असल जिंदगी से प्रेरित बताए जाते हैं। फिल्म की टीम ने भारत में सेट पर पूरे ल्यारी टाउन को फिर से बनाया है। ल्यारी से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा 'इंडिया वालों ने फिल्म बना ली है, हमसे तो पूछते। हम उनको ल्यारी की गलियां दिखाते। रहमान डकैत के बारे में भी बताते।' कई दूसरे स्थानीय लोगों ने कहा कि फिल्म में चौधरी असलम का किरदार सही दिखाया गया है। जबकि अक्षय खन्ना के रूप में रहमान डकैत का लुक असली गैंगस्टर की तरह नहीं दिखता।

लाइफ Style

# गिरिजा
## बहुत घटिया मैसेज करते हैं लोग

ब्लू साड़ी गर्ल के नाम से वायरल हुईं गिरिजा ओक ने बताया है कि इस फेम से उन्हें कुछ फायदा नहीं हुआ बल्कि लोग घटिया मैसेज करने लगे हैं। गिरिजा ने बताया कि लोग उन्हें सोशल मीडिया पर कैसे मैसेज करते हैं। गिरिजा ओक बीते कुछ समय से चर्चा में हैं। रीसेंटली एक इंटरव्यू के वीडियोज वायरल होने के बाद वह रातोंरात सनसनी बन गईं। लोग उन्हें नैशनल क्रश बुलाने लगे। इतना ही नहीं गिरिजा का डीएम अच्छे-बुरे कई तरह के मैसेजज से भर गया। लोगों ने अश्लील बातें भी लिखीं, जिसके बाद उन्हें एक लाइव भी करना पड़ा।

एजेंसी ⏭ मुंबई

गिरिजा हिंदी, मराठी फिल्में और सीरियल्स कर चुकी हैं। उन्होंने तारे जमीन पर, शोर इन द सिटी, जवान, कला जैसी फिल्मों में काम किया है। अब फिर से अचानक लाइमलाइट में आने पर उन्होंने बात की है। गिरिजा ओक एक इंटरव्यू के बाद इस कदर वायरल हुईं कि लोग उन्हें नेशनल क्रश बुलाने लगे। एक नए इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में बात की। गिरिजा बोलीं, 'कोई पूछे कि कुछ बदलाव हुआ। मैंने कहा नहीं, मुझे कोई ज्यादा काम के ऑफर नहीं मिलने लगे।' गिरिजा ने वायरल होने के नेगेटिव इफेक्ट्स बताए। बोलीं कि लोग उन्हें बहुत घटिया मैसेज कर रहे हैं। गिरिजा बताती हैं, 'कोई बोलता है, 'मैं तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं, बस एक मौका दो। किसी ने मेरे रेट तक पूछे कि एक घंटा बिताने की कीमत क्या है। कई ऐसे मैसेज हैं।' अगर ये लोग हकीकत में मेरे सामने होंगे तो नजर उठाकर देख भी नहीं पाएंगे। पर्दे के पीछे लोग कुछ भी बोलते हैं। सामने से प्यार और सम्मान देते हैं।' बीते दिनों गिरिजा ओक की नीली साड़ी में एक तस्वीर वायरल हुई। यह तस्वीर उनके एक इंटरव्यू की थी। गिरिजा एक्स पर ट्रेंड कर रही थीं और हर कोई जानना चाह रहा था कि वह कौन हैं। लोग उनका नाम और इंस्टाग्राम खोज रहे थे। गिरिजा ने वाइट स्लीवलेस ब्लाउज, आसमानी साड़ी पहनी थी।



## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन ओटीटी पर 11 दिसंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' जब इस साल जुलाई 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो सबसे बड़े, सबसे पुराने और सबसे ताकतवर सुपरहीरो को देखने के लिए भीड़ लग गई थी। दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 5240.28 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन करने वाली यह फिल्म, अब 5 महीने बाद ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। सुपरमैन के इंडियन फैंस अपने फेवरेट सुपरहीरो की इस फिल्म को 11 दिसंबर से घर बैठे स्ट्रीम कर सकते हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोहाटस्टार पर अंग्रेजी के साथ ही हिंदी डब वर्जन और बाकी भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगी। डीसी यूनिवर्स की यह फिल्म 'सुपरमैन फिल्म सीरीज' का रीबूट है। इसमें डेविड कोरेंसवेट ने क्लार्क केंट यानी सुपरमैन का किरदार निभाया है।



# भारत में स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 के एपिसोड आज होंगे स्ट्रीम

**लॉस एंजिल्स।** मिली बॉबी ब्राउन स्टारर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5, लगभग तीन साल के इंतजार के बाद ओटीटी पर रिलीज होने को तैयार है। साइंस-फिक्शन कहानी का पहला सीजन साल 2016 में शुरू हुआ था। सीजन 5 में उन सवालों के जवाब मिलेंगे जो सीजन चार में अधूरे रह गए थे। नेटफ्लिक्स 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के पहले चार एपिसोड 26 नवंबर कर दिया है। क्रिसमस पर तीन एपिसोड और न्यू ईयर की शाम को फिनाले एपिसोड रिलीज करेगा। भारत में ये सभी एपिसोड 27 नवंबर से सुबह 6:30 बजे से स्ट्रीम होंगे। पांचवें सीजन की रिलीज की तारीखें इस तरह हैं। वॉल्यूम 1: 27 नवंबर, वॉल्यूम 2: 26 दिसंबर 2025, फाइनल : 01 जनवरी 2026। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के हर वॉल्यूम में चार एपिसोड होंगे। इन सबकी लंबाई लगभग 54 मिनट से लेकर 1 घंटा 23 मिनट होगी। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'फील्डिंग सेट है। स्ट्रेंजर थिंग्स 5 का पहला वॉल्यूम 27 नवंबर को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।' सीरीज में मिली बॉबी ब्राउन, डेविड हार्बर, विनोना राइडर, फिन वोल्फहार्ड, गेटन मताराजो, केलेब मैकलॉघलिन और नोआ श्नैप जैसे कलाकार नजर आएंगे।



# बहुत जल्दी हो जाती हैं इमोशनल : अनीत

**मुंबई।** सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने हाल ही में बताया कि वह बहुत जल्दी इमोशनल हो जाती हैं। वह हफ्ते में एक बार कुछ ऐसा देख लेती हैं कि खुद को रोने से रोक नहीं पाती हैं। उनका कहना है कि इन खास चीजों में उनको प्यार महसूस होता है। जिससे उन्हें अपने काम को और बेहतर करने का दबाव भी महसूस होता है। 23 साल की अनीत ने ग्राजिया इंडिया से बातचीत में कहा, 'मैं बहुत संवेदनशील हूं। जो प्यार मुझे फैंस से मिल रहा है, उसके साथ न्याय करने की जिम्मेदारी कभी-कभी भारी लगती है। ये बहुत खूबसूरत है, लेकिन कई बार बहुत ज्यादा भी हो जाता है।' अनीत कहती हैं कि फैंस का इतना प्यार देखकर अच्छा लगता है, लेकिन उम्मीद भी बढ़ जाती है कि वह उस प्यार के लायक बनें। यही वजह है कि फैन एडिट्स देखकर उनकी आंखें भर आती हैं। अनीत ने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया।



# धनुष-कृति की फिल्म से हटाया अश्लील शब्द

**मुंबई।** धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' इस शुक्रवार को थिएटर में दस्तक देगी। रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड में गई इस फिल्म को सीबीएफसी की तरफ से सर्टिफिकेट मिल चुका है। आनंद एल राय की मूवी का रनिंग टाइम कितना है और इसमें कौन से सींस और डायलॉग्स में बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड का रवैया पास्ट में बड़ी-बड़ी फिल्मों के प्रति सख्त रहा है और कई-कई सीन से बड़े-बड़े डायलॉग्स तक हटाए गए हैं, लेकिन 'तेरे इश्क में' के साथ ऐसा नहीं हुआ है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को सिर्फ एक कट के साथ सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है और इसी के साथ मूवी से एक 'अश्लील' सीन को हटाया गया है। इस रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म में से एक भी एक्शन या इंटीमेट सीन और विजुअल्स नहीं हटवाया है।

## टीवी मसाला



# शादी टालने के बाद स्मृति ने कैंसिल किया केबीसी 17 में जाना

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने 'केबीसी 17' में पार्टिसिपेट नहीं कर रही हैं। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ अमिताभ बच्चन के शो में वर्ल्ड कप स्पेशल एपिसोड में हिस्सा लेने वाली थीं। लेकिन, म्युजिशियन पलाश मुच्छल के साथ शादी टल जाने के वजह से उन्होंने 'केबीसी 17' में अपने साथी क्रिकेटर्स के साथ हिस्सा नहीं लिया। 'केबीसी 17' के उस एपिसोड में हरमनप्रीत कौर, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा समेत कई भारतीय महिला क्रिकेटर्स शामिल होंगी और क्विज गेम खेलेंगी। 'केबीसी 17' के इस एपिसोड में स्मृति मंधाना को शामिल नहीं है। जब यह खबर सामने आई तो कई लोग हैरान रह गए, क्योंकि स्मृति काफी पॉपुलर हैं और टीम की सफलता में उनकी अहम भूमिका रही है। जब यह खबर आई कि स्मृति मंधाना केबीसी में नजर नहीं आएंगी, तो उनके फैंस के बीच मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। स्मृति दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक हैं, ऐसे में उनके फैंस उन्हें केबीसी में देखने की उम्मीद कर रहे थे और इस खबर से निराश भी हुए. हालांकि, स्मृति को काफी सपोर्ट भी मिला और कई लोगों ने उनके पिता के जल्द स्वस्थ होने और स्मृति की मानसिक सेहत के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें, स्मृति मंधाना की शादी 23 नवंबर 2025 को सिंगर पलाश मुच्छल से होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. स्मृति को इस समय अपने पिता श्रीनिवास मंधाना की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते उनकी मदद करनी पड़ रही है।

## टिकट टू फिनाले टास्क में जीता गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में टिकट टू फिनाले टास्क दिया गया था, जिसमें 4 सदस्य शामिल हुए थे। इसमें अशनूर कौर, प्रणीत मोरे, गौरव खन्ना और फरहाना भट्ट थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन चारों में से गौरव खन्ना ने सीधे फिनाले में जगह बना ली है। यानी कि शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया है। चारो कंटेस्टेंट के लिए तीन राउंड हुए थे, सभी राउंड 20 मिनट के थे। इसमें पहले राउंड में फरहाना भट्ट बाहर हुईं। इसके बाद दूसरे राउंड में प्रणीत मोरे। फिर गौरव और अशनूर में टक्कर थी। इसके बाद तीसरे और आखिरी राउंड में अशनूर बाहर हो गईं और गौरव खन्ना ने टास्क जीत लिया। इसी के साथ बिग बॉस 19 को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। बिग बॉस 19 में इस वक्त केवल आठ प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना अब फाइनल में पहुंच चुके हैं। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे, अशनूर कौर, शहबाज बदेशा और मालती चाहर के बीच टक्कर है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगला फाइनलिस्ट कौन होता है।



# किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर रिलीज
## चार पत्नियों के चक्कर में उलझे कपिल

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की रिलीज का दर्शकों को काफी इंतजार है। इससे पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है। 'किस किसको प्यार करूं 2' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा गलतफहमी के चलते तीन शादियां कर लेते हैं। इसके बाद वह तीनों पत्नियों की डिमांड पूरी करते-करते परेशान हो जाते हैं। तीनों पत्नियों के घर वाले कपिल शर्मा को अपना दामाद समझते हैं और उन पर अपना हक जमाते हैं। इसके बाद एक पुलिस वाला कपिल शर्मा से मिलता है। पुलिस वाला कपिल से कहता है कि वह उस इंसान की तलाश में हैं, जिसने तीन शादियां की हैं और अब चौथी करना चाहता है। कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का ट्रेलर शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'चार पत्नियां। इसे घर पर करने की कोशिश न करें। यह स्टंट हमारे एक्सपर्ट ने किया है। किस किसको प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में 12 दिसंबर को रिलीज हो रही है। 'किस किसको प्यार करूं 2' का ट्रेलर दर्शकों को अच्छा लगा है। ट्रेलर में असरानी की झलक दिखी है। उन्होंने इस पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'असरानी सर।' एक और यूजर ने लिखा है 'असरानी को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा है 'ट्रेलर बहुत अच्छा है। फिल्म का इंतजार है।'




# ऑस्कर 2026 की रेस में देश की सबसे ज्यादा कमाई वाली एनिमेटेड फिल्म

**मुंबई।** 2025 में रिलीज हुई एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ऑस्कर 2026 की लिस्ट में शामिल हो चुकी है। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स की एलिजिबिलिटी लिस्ट में इस फिल्म का नाम आया है। मतलब ये फिल्म साल 2026 ऑस्कर अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट हुई है। इस लिस्ट में दुनियाभर की 34 और फिल्में शामिल हैं। महावतार नरसिम्हा जुलाई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के नाम एक खास रिकॉर्ड है। ये फिल्म अबतक भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटड फिल्म है। महावतार नरसिम्हा के अलावा द बैड गायज 2, ब्लैक बटरफ्लाइज, बॉयज गो टू जुपिटर, डॉग मैन, डॉग ऑफ गॉड, के पॉप डीमन हंटर्स, जूटोपिया 2, स्लाइड, द ट्विट्स और स्टिच हेड जैसी एनिमेडेट फिल्में 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स की एलिजिबिलिटी लिस्ट में शामिल हैं। बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में शामिल होने के लिए फिल्मों को कुछ शर्तें पूरी करनी होती हैं। इन शर्तों के मुताबिक, फिल्म कम-से-कम 40 मिनट लंबी होनी चाहिए। फिल्म का 75 पर्सेंट हिस्सा एनिमेटेड होना चाहिए। फिल्म को अमेरिका के कुछ चुनिंदा बड़े शहरों में कम से कम 7 दिन लगातार थिएटर में दिखाया जाना चाहिए।



### लिस्ट में शामिल ये फिल्में

अगर इस लिस्ट में 16 से अधिक फिल्में शामिल होती हैं तो उनमें से पांच फिल्मों को फाइनल नॉमिनी के रूप में सेलेक्ट किया जाता है। उन पांच में से किसी एक को ऑस्कर मिलता है। 2026 के लिए करीब 35 फिल्में शॉर्टलिस्ट हुई हैं। अब अगर महावतार नरसिम्हा का नाम फाइनल लिस्ट में आता है तो वो बेस्ट एनिमेटेड फीचर कैटेगरी में चुनी जाने वाली पहली भारतीय फिल्म बनेगी।

## रोमांस, देशभक्ति, हॉरर-कॉमेडी, साइंस-फिक्शन एक ही मौके पर दर्शकों को मिलेगा

# बॉक्स ऑफिस पर आपस में भिड़ेंगी ये फिल्में, एक में धर्मेंद्र आएंगे नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल क्रिसमस के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर कुछ बड़ी फिल्मों की टक्कर देखने को मिलने वाली है। कई फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही हैं। रोमांस, देशभक्ति, हॉरर-कॉमेडी, साइंस-फिक्शन और फैंटसी एक्शन- सब कुछ एक ही मौके पर दर्शकों को मिलने वाला है।

### तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी

कार्तिक आर्यन अपने 35वें जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा दे चुके हैं। उनकी और धर्मा प्रोडक्शन की नई रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का टीज़र लॉन्च होते ही चर्चा में आ गया। पूरी तरह इमोशनल रोमांस और मॉडर्न रिलेशनशिप की जटिलताओं को दर्शाती यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है। क्रिसमस पर परिवारों और युवाओं के लिए यह फिल्म एक हल्की-फुल्की और दिल छू लेने वाली पेशकश हो सकती है।



### एनाकोंडा

हॉलीवुड भी इस तारीख को खाली छोड़ने के मूड में नहीं है। 'एनाकोंडा 2025' एक मेटाफिक्शनल हॉरर-कॉमेडी के रूप में आ रही है, जिसमें दो दोस्त अपनी फेवरिट 1997 की फिल्म का रीमेक बनाने अमेज़न जंगल तक पहुंच जाते हैं- लेकिन वहां उनका सामना एक अप्रत्याशित डरावनी यात्रा से होता है। जैक ब्लैक और पॉल रड की मौजूदगी ही इस फिल्म को क्रिसमस पर हंसी और डर का कॉम्बो बना देती है।

### वृषभ

दक्षिण भारतीय सिनेमा की तरफ से मोहनलाल की भव्य फैंटसी-एक्शन फिल्म 'वृषभ' भी 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है। नंदा किशोर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रोशन मेका, शनाया कपूर और जहरा एस. खान भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। शानदार वीएफएक्स और पौराणिक टच इस फिल्म को पैन-इंडिया दर्शकों के लिए खास बनाते हैं।



### अवतार

जेम्स कैमरून की सुपरहिट अवतार श्रृंखला की तीसरी कड़ी 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी और यह आसानी से क्रिसमस वीक तक बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए रखेगी। इस बार कहानी पेंडोरा के एक नए और आक्रामक नावी कबीले ऐश लोग पर फोकस करेगी। जेक और नेतिरी का संघर्ष और भी खतरनाक और भावनात्मक होने वाला है। इस फिल्म की लोकप्रियता का असर बाकी सभी रिलीज़ पर पड़ेगा।

### इक्कीस

कार्तिक की फिल्म को सबसे कड़ा मुकाबला देने उतर रही है श्रीराम राघवन की 'इक्कीस', जिसमें अगस्त्य नंदा, धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत और कई मजबूत कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की बहादुरी पर आधारित है- 1971 के युद्ध में साहस और बलिदान की दास्तान। मैडॉक फिल्म्स और दिनेश विजान की प्रस्तुति वाली यह फिल्म उन दर्शकों को आकर्षित करेगी जो असली हीरो की कहानियों से जुड़ाव महसूस करते हैं। क्रिसमस पर रोमांस बनाम देशभक्ति- यही मुकाबला देखने लायक होगा।

**खबर संक्षेप**

## झलमला में मितानिनों का किया गया सम्मान




**अकलतरा।** ग्राम पंचायत झलमला में मितानीन दिवस का आयोजन सरपंच काशीराम निर्मलकर ,उप सरपंच बुधराम नायक एवं पंच श्रवण कुमार निर्मलकर आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत झलमला की अनुसुइया निर्मलकर ,शिवकुमारी राजपूत, उत्तरा यादव ,कुमुदिनी निर्मलकर ,उर्मिला निर्मलकर, प्यारी यादव सहित सभी मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अक्षय यादव, जगदीश निराला, संदीप निराला, विनोद निर्मलकर, सुरेश निर्मलकर, राजेश नायक, उत्तरा निर्मलकर जमुना देवी निर्मलकर ,रामेश्वरी सोनवानी, रजनी लहरे, अंजनी निर्मलकर ,भारती निर्मलकर, नेहा निर्मलकर, अंकित पटेल, कौशल्या पटेल, सविता यादव, पूर्णिमा सिदार, गोरेलाल निर्मलकर, विक्की पटेल ,अर्जुन निर्मलकर ,आदि उपस्थित रहे।

## मछुआरा समाज को दी गई सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी




**जांजगीर-चांपा।** मछुआरा समाज जांजगीर द्वारा विश्व मात्स्यिकी दिवस का सफल आयोजन 22 नवंबर को जांजगीर मछली मार्केट में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छग मछुवा महासंघ के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष देवव्रत आदित्य ने मत्स्य पालन (नीली क्रांति) में सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही उसका लाभ लेकर वे कैसे उत्पादन बढ़ाकर अपने आय में गुणात्मक वृद्धि और अपना आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मत्स्य पालन व व्यवसाय में आने वाली समस्याओं को ध्यान से सुना एवं समस्या के निवारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों से चर्चा करके समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुवा महासंघ के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष देवव्रत आदित्य,नवीन धीवर अध्यक्ष युवा प्रभाग, राकेश कटकवार जिला उपाध्यक्ष , हरिहर आदित्य महासचिव छग कहरा समाज, रामबनवास धीवर मीडिया प्रभारी छग युवा धीवर समाज, रामशरण कहरा अध्यक्ष जांजगीर बस्ती, किरण आदित्य ग्राम अध्यक्ष जांजगीर भाठापारा, व्यवसायीगण विजय कहरा, मिट्ठू कहरा, राजेश कहरा, प्रेमलाल कहरा, भग्गू कहरा, शत्रुहन कहरा, नारायण कहरा, बहादुर कहरा, विक्की कहरा, महावीर कहरा, रामलाल कहरा,मुकेश कटकवार, सुमित कहरा,मनमोहन कहरा,चुन्नी कहरा एवं मछुआगण शामिल हुए।

## अगम दास एवं लक्ष्मीन महंत को नवाजा गया डॉक्टरेट की मानद उपाधि से



**अकलतरा।** वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा मैंपल गोल्ड होटेल बैंक्विट पश्चिम विहार नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पुनीत ईस्सर के मुख्य आतिथ्य एवं तिहाड़ जेल दिल्ली के अस्सिटेंट सुपरीटेंडेंट अजय भट्ट के विशिष्ट आतिथ्य में शिक्षा, संस्कृतिक, सामाजिक सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र उल्लेखनीय कार्य के लिए सत्य निजनाम बोध संस्थान के संस्थापक कबड्डी दास के पुत्र अगम दास एवं पुत्रवधू लक्ष्मीन महंत को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया। वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन की फाउंडर नेहा ठाकुर और डायरेक्टर रितु दहिया नहीं बताया कि प्रतिवर्ष संस्था के द्वारा शिक्षा संस्कृतिक सामाजिक सेवा और महिलासशक्तिकरण के क्षेत्र उल्लेखनीय कार्य करने वालों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया जाता है। यह सम्मान समाज के अन्य लोगों को भी समाज में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

## कोसीर में रावत बाजार एवं मड़ाई मेला 4 को

**पामगढ़।** कोसीर में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी "विराट रावत बाजार एवं मड़ाई मेला " का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत व बाजार प्रबंधन समिति के तत्वाधान में आगामी 4 दिसम्बर गुरुवार को संपन्न होगा। इस विराट बाजार एवं मड़ाई मेला के मुख्य अतिथि श्रीमती अंजीरा विश्वास भानु सरपंच ग्राम पंचायत कोसीर, अतिविष्ट अतिथि विनोद कुमार यादव उपसरपंच, अमरनाथ सूर्यवंशी रोजगार सहायक अध्यक्षता लखेश्वर यादव सचिव ग्राम पंचायत ससहा एवं विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार यादव पूर्व सरपंच प्रतिनिधि कोसीर ,कौशल जोशी पूर्व सरपंच व महामंत्री भाजपा मंडल मुलमुला एवं समस्त पंच ग्राम पंचायत कोसीर होंगे। इस विराट रावत बाजार एवं मड़ाई मेला में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।

### जिला पंचायत सीईओ ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने दिए निर्देश

# निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : रावटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्यों को गुणवत्ता तथा समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

जिला पंचायत सीईओ श्री रावटे ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, 15वें वित्त आयोग, जिला एवं जनपद पंचायत विकास निधि, मुख्यमंत्री आंतरिक विद्युतीकरण योजना, डीपीआरसी प्रशिक्षण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने अधिकारियों को निर्देशित किया सभी कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण निर्माण और जन-सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों का क्रियान्वयन तेजी से हो तथा मैदानी अमला नियमित रूप से गांवों का भ्रमण कर कार्य स्थल का निरीक्षण करे। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत नए आवासों की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित कर दी गई। बैठक में सीईओ ने निर्देश दिए कि बिना देरी के आवास निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं जाए। सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन आवासों का निर्माण अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल शुरू कराया जाए। इसके लिए मस्टर रोल जारी करने, मैदानी अमले की सक्रियता बढ़ाने तथा विभागों के बीच समन्वय को मजबूत कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आवासों को समय सीमा में पूर्ण करें। जिला पंचायत सीईओ ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत अनुमोदित कार्यों, मजदूरी भुगतान, सामाजिक अंकेक्षण एवं परिसंपत्तियों के संरक्षण की समीक्षा की गई। सीईओ ने लंबित मस्टर रोल, मजदूरी भुगतान एवं सामग्री भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न होने देने के निर्देश दिए। सामाजिक अंकेक्षण के लंबित मामलों का त्वरित निराकरण व वसूली सुनिश्चित की जाए, जल संरक्षण, नालों का संरक्षण, खेत-तालाब, वृक्षारोपण एवं एनआरएम के कार्यों को गति दी जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ और बने हुए परिसंपत्तियों का सतत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग और समन्वय के साथ योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता और जन-सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सभी ग्राम पंचायत भवनों में क्यूआर कोड चस्पा करने, युक्तधारा पोर्टल में लक्ष्य अनुसार कार्य स्वीकृति, साथ ही एनआरएम एवं कृषि श्रेणी के कार्यों में निर्धारित व्यय सुनिश्चित करने, ईएमबी के माध्यम से कार्य मूल्यांकन- सत्यापन समय सीमा में पूर्ण करने और एरिया ऑफिसर एप में आवास एवं मनरेगा कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में अमृत सरोवरों को ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन का साधन बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सीईओ ने कहा कि अमृत सरोवरों के माध्यम से ग्रामीणों को मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं सोखता गड्ढा निर्माण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों से भी हितग्राहियों को अवगत कराते हुए अधिकाधिक लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने प्रेरित करने कहा।

## अगहन के चौथे गुरुवार पर मां लक्ष्मी की विधि-विधान से हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अगहन के चौथा गुरुवार पर 27 नवंबर को मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा की तैयारी महिलाओं द्वारा बुधवार शाम से ही कर ली गई थी। उन्होंने इसके लिये गीले चावल की पिसाई कर रेहान तैयार किया। साथ ही घर के मुख्य द्वार पर रंगोली भी बनाई गई।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि अगहन महीने के गुरुवार को सुबह-सवेरे मां लक्ष्मी सभी के घरों का निरीक्षण करती है और साफ-सफाई देखकर घर में प्रवेश करती है। घरों में लक्ष्मी जी की स्वागत की तैयारी बुधवार शाम से ही महिलाओं ने पोछा लगाकर व गोबर से लिपकर पूरे घर को पवित्र कर लिया था। चावल के घोल से घर मुख्य द्वार से चौक पुर कर सभी कमरों और पूजा कमरे व भण्डार कक्ष तक संकल वाली चौक बनाई गयी थी। घर के प्रत्येक चौखट पर लक्ष्मी जी के पांव का प्रतीक पद चिन्ह उसी रेहान से उकेरा गया। उन पद चिन्हों की दिशा घर प्रवेश की तरफ थी। आज सूर्योदय से पूर्व ब्रम्ह मूहूर्त में ही उठकर महिलाओं ने आंवले व हल्दी का उबटन लगाकर जल से स्नान किया। ततपश्चात पूरे घर के चौक की पूजा करके लक्ष्मी जी का विधि-विधान से पूजा की गई।

■ घर के प्रत्येक चौखट पर उकेरा गया लक्ष्मी जी के पांव का प्रतीक पद चिन्ह

द्वार को दीप और फूलों से सजाया गया। आरती पश्चात लक्ष्मी पुराण का पठन भी श्रद्धालुओं ने किया। ततपश्चात लक्ष्मी माता को भोग लगाया गया। चौथे गुरूवार को खीर पुड़ी व माड़ा पीठा का प्रसाद चढ़ाया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में विशेष रुप से मां लक्ष्मी माता की पूजन अगहन गुरुवार मनाया जाता है। मां जगतजननी लक्ष्मी माता की पूजन से घर में लक्ष्मी का वास होता है। इस संबंध में पण्डित संदीप महाराज ने बताया की इस माह को लेकर यह मान्यता है कि अगहन गुरुवार में मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक का विचरण करने आती हैं, जो भी श्रद्धालु घर-द्वार की विशेष साज-सज्जा के साथ मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करता है। उस के घर सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## मालखरौदा में सरपंच संघ की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 25 नवंबर को क्षेत्र के 81 सरपंचों संघ का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 40 की संख्या में सरपंच पहुंचे थे। दोपहर 3 बजे बैठक सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू साहू तथा उपाध्यक्ष दिलदार खूंटे की उपस्थिति में बैठक शुरू हुआ, जिसमें 15 वे वित्त एवं 16 वित की राशि शासन द्वारा पंचायत को शीघ्र भुगतान कीये जाने ,किसानों के हित में रबी फसल के लिए पानी देने संगठन की मजबूती के लिए सभी सरपंचों से 1000 का सहयोग राशि जमा करने तो सरपंचों का मानदेय 10 हजार एवं पंचों का मानदेय 2000 किए जाने, सभी सरपंचों को पेंशन दिए जाने तथा हर दो माह में सरपंच संघ का बैठक आयोजित करने जिला खनिज मद से हर पंचायत को 10 लाख का कार्य दिए जाने का मांग किये जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया तथा आने वाले समय कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शासन को ग्राम पंचायत के हित में ज्ञापन देने पर भी प्रस्ताव पारित किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्लॉक के महिला एवं पुरुष सरपंच उपस्थित थे

## विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का विकास खण्ड स्तर पर आंकलन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा


शिविर में उपस्थित अधिकारी एवं बच्चे।

विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का आंकलन शिविर का आयोजन बीआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में किया गया जिसमें विकास खण्ड में कक्षा पहली से बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत बालक बालिकाओं की सिकलसेल संबंधित

■ कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत बालक-बालिकाओं की सिकलसेल संबंधित किया गया परीक्षण

रक्त परीक्षण, दृष्टि परीक्षण, कान नाक गला की जांच,अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा अस्थि बाधित बच्चों की जांच की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी एवं बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में सम्मिलित बच्चों एवं पालकों को अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में 03 बच्चों का यू.डी. आई.डी. कार्ड बनाने के लिए फॉर्म भरा गया। शिविर में किरण यादव, हिना मरकाम, शिवम सोनवानी, वैष्णवी एवं खील मति मौवार का प्रमाण पत्र बनाने हेतु जिले में भेजा गया। पात्र बच्चों को जिले से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। डॉक्टर सरोज कश्यप नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर आर. वस्त्रकार अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर वसुंधरा बंसल नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अनामिका अलकारा ओडियो लॉजिस्ट, सौरभ सोनी सामाजिक कार्यकर्ता, स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा से अनिता ज्योति,नेत्र सहायक श्रीमती गिरजा बंजारे द्वारा 43 बच्चों का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजना घोष बीआरपी , राम कली शाते द्वारा किया गया। शिविर में डाटा एंट्री ऑपरेटर रवि श्रीवास, महेंद्र पाल जगत का विशेष योगदान रहा।

## मितानिनों की सेवा भावना एवं स्वास्थ्य जागरूकता में योगदान की गई सराहना

**देवरी-सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधौरी में मितानिनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सरपंच श्रीमती मालती मंशाराम पटेल ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही मितानिनों को साड़ी एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक श्रीमती ममता सूर्यवंशी', मितानिन प्रशिक्षिका श्रीमती प्रमिला वर्मा सहित मितानिन इंद्राणी यादव, ललिता कुर्मी, धनबाई साहू, कचरा रात्रे, दूरपति यादव और पुष्पा महिलांगे उपस्थित रहीं। समारोह में उपसरपंच मनहरण साहू, पंचगण शांतिबाई साहू, चतुरसिंह कंवर, कविता साहू, मनोज कुमार लहरें, रमन बाई कंवर, फिरतीन बाई साहू, बाबूलाल कुर्मी, बोधीराम साहू, भगवती साहू, रामेश्वरी साहू, लता रात्रे एवं सावित्री बाई सतनामी सहित ग्रामीणजन भी मौजूद थे। कार्यक्रम के माध्यम से मितानिनों की सेवा भावना एवं स्वास्थ्य जागरूकता में उनके योगदान की सराहना की गई।



## विकास योजना बनाने की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज: मालखरौदा


प्रशिक्षण में उपस्थित पंचों को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत स्तर पर नवनिर्वाचित पंचों का एक दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण 25 नवंबर को जनपद पंचायत मालखरौदा के सभा कक्ष में सुबह 10:30 बजे से 5 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बेलहडीह, डोमा, नवापारा परसा, भडोरा के 20-20 महिला तथा पुरुष पंचों को मास्टर ट्रेनर पूरन चंद्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में पंचायत राज संशोधन, पंचायती राज की संरचना, ग्राम सभा, लोकतंत्र की मूल इकाई आरक्षण संबंधी जानकारी, पंचायती राज व्यवस्था की कार्य तथा उसकी अवधि पंचायत राज के कार्य एवं उनके अधिकार इसके अलावा पांच प्रकार की स्थाई समिति, साथ ही ग्राम सभा के माध्यम से गांव की विकास योजना कैसे बनाए जाते हैं इसके बारे में भी बताया गया। इसके अलावा ग्राम सभा साल में छह बार होता है, जिसमें चार बार पंचायत राज के तहत जबकि दो बार राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत होता है, जिसमें अनेक प्रकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दिया जाता है। इसमें गांव के विकास के लिए वार्षिक एक्शन प्लान बनाया जाता है इसी आधार पर गांव का विकास कार्य किया जाए।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष में चलाया गृह संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज: बिर्रा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 15 नवंबर से गृह संपर्क अभियान चल रहा है, जिसमें डोर टू डोर जाकर आर एस एस के 100 वर्ष होने पर संघ के स्थापना से लेकर अब तक संघ की 100 वर्ष की यात्रा के बारे में पत्रक के माध्यम से बताया जा रहा है। संपर्क अभियान में प्रत्येक घर में संपर्क करके भारत माता का तस्वीर भी वितरण किया जा रहा है। इस संपर्क अभियान में मुख्य रूप से पंच परिवर्तन,व्यक्तित्व निर्माण की कार्य पद्धति, सेवा कार्य सम्मिलित है । पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन,स्व आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्य बोध शामिल है जो आज समाज के लिए अति आवश्यक विषय है। संपूर्ण समाज को संगठित कर देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करना ,समाज में स्थाई परिवर्तन लाने हेतु समाज का निर्माण करना है।अपनी मातृभूमि को पुनः विश्वगुरु बनाने हेतु आज पुरूषार्थ का समय है सभी माता ,बंधु भगिनियों से आह्वान किया जा रहा है कि सभी अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार सक्रिय भूमिका निभाएं। इसी संपर्क अभियान के तहत बिर्रा में भी स्वयंसेवक के द्वारा सभी घरों में संपर्क अभियान चल रहा है, जिसमें अलग अलग टोली बनाकर सभी मोहल्लों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल



शरीर के अन्य हिस्सों का वेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

### एसपी ने नशापान के दुष्प्रभाव से होने वाले नुकसान के संबंध में लोगों को दी जानकारी

# बच्चों को सही शिक्षा मिले तो कभी भी नहीं कर सकता अपराध : पांडेय

हरिभूमि न्यूज: बिर्रा



उपस्थित लोगों को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।

बिर्रा क्षेत्र के ग्राम घिवरा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को नशापान के दुष्प्रभाव से होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दी। साथ ही आदिवासी गोड़ समाज के लोगों को स्वरोजगार एवं कौशल विकास से मुख्य धारा में लाने और आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से चर्चा की गई। ग्राम घिवरा में महिला कमांडो टीम का गठन कर टोपी, सीटी भी वितरण किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की पहल का असर अब जिले में दिखाई देने लगा है। सामाजिक पुलिसिंग के अंतर्गत जिले में पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 नवंबर को बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम घिवरा में पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने अवैध शराब बिक्री करना, शराब का सेवन और जुआ, सट्टा खेलने से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस बच्चे को सही शिक्षा मिलती है वह कभी भी काईम नहीं कर सकता। महिलाओं को स्वसहायता समूह, बिहान ग्रुप में जुड़ने के लाभ की जानकारी दी। साथ ही आदिवासी गोड़ समाज के लोगों को मतस्य पालन एवं हुनरमंद बनाने के लिये आश्वासन दिया। पूर्व में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री करने वाला जो आज समाज के मुख्य धारा में जुड़कर शराब निर्माण व बिक्री बंद कर मशरूम खेती, गेंदा फूल उपज एवं अन्य कृषि के माध्यम से आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुये किसान रोहित साहू निवासी मुलमुला, श्रवण कुमार निवासी कमरीद की सफलता का जिक्र करते हुये प्रत्यक्ष भेट कराकर उदाहरण पेश किया। जागरुकता कार्यक्रम से आदिवासी गोड़ समुदाय के लोगों ने शराब बिक्री व निर्माण नहीं करने व स्वरोजगार से जुड़कर परिवार को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• नॉर्मल डिलीवरी
• सिजेरियन
• हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:–7354 411411